उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

**Uttarakhand Power Corporation Ltd.**

(A. Govt. of Uttarakhand Undertaking)

CIN : U40109UR2001SGC025867

Email ID: edhr@upcl.org, Website: www.upcl.org

पत्रांक. —अधि0निदे0(मा0सं0) / उपाकालि / S-IV / दिनांक : 08/10/2025

समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण)
गढ़वाल / हरिद्वार / कुमायूँ / रूद्रपुर क्षेत्र
मुख्य अभियन्ता (जानपद),
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0,

.................................................................... ।

**विषय— उपनल के माध्यम से कार्योजित कर्मियों के रात्रि पाली भत्ते के भुगतान हेतु रात्रि पाली उपस्थिति प्रत्येक माह ससमय प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

कृपया उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि उपमहाप्रबन्धक (वित्त), उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम (उपनल), देहरादून द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि कतिपय खण्ड कार्यालयों द्वारा उपनल के माध्यम से कार्योजित कर्मियों के रात्रि पाली भत्तें के भुगतान हेतु रात्रि पाली उपस्थिति प्रत्येक माह नहीं भेजी जा रही है तथा अतिविलम्ब से प्रेषित की जा रही है जिससे रात्रि पाली भत्ते का बीजक ससमय बनाये जाने तथा वेतन का भुगतान किये जाने में उपनल कार्यालय को विलम्ब हो रहा है।

इस सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधीनस्थ समस्त कार्यालयों को उनके कार्यालय में उपनल के माध्यम से कार्योजित कर्मियों की प्रत्येक माह, मासिक उपस्थिति के साथ रात्रि पाली उपस्थिति ससमय एक साथ ही उपनल कार्यालय को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें जिससे उपनल कार्यालय द्वारा उपनल कर्मियों को ससमय मासिक वेतन के साथ रात्रि पाली भत्ते का भुगतान किया जा सके तथा भविष्य में किसी भी वित्तीय विसंगति से बचा जा सकें।

**(डॉ0 आर0 जे0 मलिक)**
**अधिशासी निदेशक (मा0सं0)**

**पत्रांक :– 4658 –अधि0निदे0(मा0सं0) / उपाकालि / S-IV / तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम (उपनल), देहरादून।
2. निजी सचिव, निदेशक (परिचालन / परियोजना / वित्त), उपाकालि, देहरादून।
3. उपमहाप्रबन्धक (वित्त), उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम (उपनल), देहरादून।
4. अधिशासी अभियन्ता (सूचना प्रौद्योगिकी), उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून को विभागीय वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

**(डॉ0 आर0 जे0 मलिक)**
**अधिशासी निदेशक (मा0सं0)**